COVERED CALIFORNIA

Medi-Cal से Covered California की ओर

हमारे पास आपका प्लान है। और हम आपके साथ भी हैं।

क्या Medi-Cal समाप्त हो रहा है? Covered California सहायता कर सकता है।

Medi-Cal कवरेज प्राप्त करने वाले अभी भी योग्य हैं या नहीं, यह जानने के लिए Medi-Cal अपने सदस्यों के साथ नियमित रूप से जांच करता है। यदि आपकी परिस्थितियां बदली हैं, जैसे कमाई, नौकरी, या परिवार का आकार, तो Medi-Cal कवरेज के लिए आपकी पात्रता भी बदल सकती है। यदि आप जानते हैं कि आपका Medi-Cal समाप्त हो रहा है, तो Covered California सुनिश्चित करेंगे कि आपके पास सस्ती, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य कवरेज है।

Medi-Cal नवीनीकरणः क्या अपेक्षा करें।

जब नवीकरण का समय होगा, तो Medi-Cal एक बड़े पीले लिफाफे में आपकी नवीकरण नोटिस भेजेगा। Medi-Cal को मांगी गई जानकारी, नोटिस में बताई गई तारीख से वापस भेजें। Medi-Cal आपको आपकी पात्रता स्थिति के साथ एक फ़ॉलो-अप नोटिस भेजेगा। यदि आप Medi-Cal के पात्र बने रहते हैं, तो आपको इस समय सूचित किया जाएगा।

बिना भ्रम के कवरेज।

यदि आप Medi-Cal के लिए अब और योग्य नहीं हैं, तो नोटिस में यह उल्लेख किया जाएगा कि आपका कवरेज समाप्त हो रहा है, कारण बताया जाएगा(बताए जाएँगे) और यह उल्लेख किया जाएगा कि आपको Covered California की ओर संदर्भित किया जा रहा है। यदि आप Medi-Cal के लिए अब योग्य नहीं हैं, तो Medi-Cal फ़ौरन आपकी जानकारी Covered California को प्रदान करेगा। राज्य से यह मुफ्त सेवा आपको उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य इन्शुरन्स की खोज और भुगतान में मदद करती है।

Covered California आपको डाक से एक पत्र भेजेगा जिसमें Medi-Cal को आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारियों के आधार पर Covered California के लिए आपकी पात्रता और नामांकन करने के लिए कदम शामिल होंगे।

यदि आपकी आय आपको मासिक प्रीमियम की लागत को कम करने के लिए वित्तीय सहायता के लिए पात्र है, Covered California आपके लिए सबसे अधिक वित्तीय सहायता के साथ एक इन्शुरन्स प्लान चुनेगा!

यदि आप या आपका परिवार किसी नियोक्ता या Medicare जैसे किसी अन्य कार्यक्रम के माध्यम से कवरेज का प्रस्ताव प्राप्त करते हैं, तो आपको Covered California के माध्यम से वित्तीय सहायता के लिए पात्र नहीं हो सकते हैं।

कलिफॉर्निअन्स के लिए दिल से

चाहे आपके लिए कोई योजना चुनी गई हो या नहीं, आपको अपनी कवरेज रखने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाने की आवश्यकता होगी। अगले पेज पर आपको दोनों स्थितियों के लिए कदम-ब-कदम निर्देश मिलेंगे।

अगला पृष्ठ →

स्वास्थ्य सेवा जो आपकी परवाह करती है।

यदि आपके पत्र में कहा गया है कि हमने आपके लिए एक प्लान चुना है:

आपकी नई योजना की मासिक प्रीमियम आपकी आय पर निर्भर करेगी। यह मासिक रकम बस $0 तक हो सकती है, जैसे Medi-Cal के साथ। कवर्ड रहने के लिए आपको पुष्टि करना या बदलना होगा, आपके मासिक प्रीमियम की लागत के बावजूद।

स्टेप 1: **CoveredCA.com/new-plan** (अंग्रेजी साइट) पर जाएँ और "Sign In or Create Account" (साइन इन और क्रिएट अकाउंट) पर क्लिक करें।

स्टेप 2: ऑनलाइन **access code** (एक्सेस कोड) और Covered California के पत्र के शीर्ष बाईं ओर कॉर्नर में दिए गए **case number** (केस नंबर) का उपयोग करके अपना अकाउंट बनाएं। यदि आपके पास पहले से ही कोई Covered California अकाउंट है, तो "Log In to Your Account" (अपने अकाउंट में लॉग इन करें) पर क्लिक करें और ऐसा अपने यूजर-नाम और पासवर्ड का उपयोग करके करें। यदि आप उन्हें भूल गए/गई हैं तो चिंता न करें, आप लॉग इन करते समय अपने यूजर-नाम और पासवर्ड को रीसेट कर सकते/सकती हैं।

स्टेप 3: अपने घर के हर सदस्य के लिए हेल्थ प्लान पात्रता की समीक्षा करें और पुष्टि करें कि आप Covered California द्वारा चुना गया हेल्थ इंश्योरेंस प्लान रखेंगे/रखेंगी।

- **यदि आप चाहेंगे/चाहेंगी कि आपके लिए चुनी गई स्वास्थ्य प्लान को Covered California द्वारा प्रस्तावित अन्य योजनाओं के साथ तुलना करें, तो "Change Plan" (प्लान बदलें) का चयन करें।**

- **यदि आप चाहेंगे/चाहेंगी कि आपके लिए चुनी गई स्वास्थ्य प्लान को रद्द करें, तो "Cancel" (रद्द करें) का चयन करें।**

स्टेप 4 (केवल अगर आपके पास मासिक प्रीमियम है): यदि आपने अपनी कवरेज रद्द नहीं की है और आपका भुगतान है, तो "Pay Now" (अभी भुगतान करें) पर क्लिक करें या अपनी स्वास्थ्य इन्शुरन्स कंपनी से बिल की खोज करें। आपको कवर की पहली माह के अंत तक अपनी प्लान की पुष्टि करने के लिए कार्रवाई करनी होगी, या आपके लिए चुनी गई प्लान रद्द कर दी जाएगी। आप अपनी Medi-Cal की समाप्ति के बाद भी 90 दिनों तक एक स्वास्थ्य प्लान का चयन कर सकते हैं।

यदि आपके पत्र में किसी योजना का उल्लेख नहीं है:

आप अभी भी स्वास्थ्य इंश्योरेंस प्राप्त कर सकते/सकती हैं, लेकिन आपको कवर करवाने के लिए जल्दी कार्रवाई करनी होगी।

स्टेप 1: यदि आपके ऑनलाइन अकाउंट है, **CoveredCA.com**. (अंग्रेजी साइट) पर लॉग इन करें। यदि आप अपना यूजर नाम और पासवर्ड भूल गए हैं, तो "Sign in" (साइन इन) पर क्लिक करने के बाद आप उन्हें रीसेट कर सकते हैं। यदि आपके पास ऑनलाइन अकाउंट नहीं है, तो **CoveredCA.com/create-account** (अंग्रेजी साइट) पर जाएं और Covered California के पत्र में दिए गए **access code** (एक्सेस कोड) को दर्ज करें।

स्टेप 2: अपने एप्लीकेशन की समीक्षा करें और यदि आपकी जानकारी सही नहीं है तो एक बदलाव की सूचना दें।

स्टेप 3: स्वास्थ्य प्लान की तुलना करें और उस प्लान चुनें जो आपके और आपके परिवार के लिए सबसे अच्छा है। आपकी स्वास्थ्य प्लान आपके प्लान का चयन करने के बाद, अगले महीने के पहले दिन से प्रारंभ होगी।

स्टेप 4: अपने पहले भुगतान को आप अपने ऑनलाइन अकाउंट में करें या अपनी स्वास्थ्य इंश्योरेंस कंपनी से बिल प्राप्त होने पर करें।

आपको अपनी Medi-Cal कवरेज के अंतिम दिन से 90 दिन का समय होता है, एक नई स्वास्थ्य प्लान के लिए साइन अप करने के लिए। यदि आप इस अवसर को छोड़ दें, तो आपको अगले वार्षिक खुले नामांकन अवधि तक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कवरेज के बिना रहने से आपको कर जुर्माने भी भुगतने पड़ सकते हैं, और हम आपको उससे बचने में मदद करना चाहते हैं।

कवरेज पाएँ।

अधिक जानकारी और मुफ़्त व्यक्तिगत सहायता के लिए, यहाँ जाएँ:

- **CoveredCA.com/keep-your-coverage**
- **800-300-1506**

Covered California complies with applicable federal civil rights laws and does not discriminate on the basis of race, color, national origin, age, disability, or sex. Atención: Si habla español, tiene a su disposición servicios gratuitos de asistencia lingüística. Llame al 1-800-300-0213 (TTY: 1-888-889-4500). 注意：如果您使用繁體中文，您可以免費獲得語言援助服務。請致電 1-800-300-1533 (TTY 1-888-889-4500).

COVERED CALIFORNIA

कलिफॉर्निअन्स के लिए दिल से

D-CCA-XXXXXXXX
HIN-1026

👤

@

📞

#